दिनांक 26.11.2024 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

14545 पर फोन करने पर मोर संगवारी घर पर आकर काम करके देगा

भिलाईनगर। मोर संगवारी सेवा योजना नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ घर बैठे कम समय में दिये जाने हेतु मोर संगवारी सेवा का शुभारंभ दिनांक 01 मई 2022 से किया गया है। यह योजना छ.ग. के सभी 14 नगर निगमों मे चल रही है। इसके लिए शासन ने टोल फ्री न. 14545 जारी किया है, जिस पर फोन करके संगवारी एजेंट के माध्यम से नागरिक कई प्रकार के सुविधाओं का लाभ ले सकते है। नगर निगम भिलाई द्वारा अभी तक 30533 आवेदन बनाकर नागरिकों को लाभ पहुंचाया गया है। मोर संगवारी योजना के तहत विवाह प्रमाण पत्र के कुल–2219 आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र के कुल–394 आवेदन, जन्म प्रमाण के कुल–732 आवेदन, दुकान एवं स्थापना पंजीयन/गुमास्ता लाइसेंस के कुल–331 आवेदन, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन कुल–10031 आवेदन, पैन कार्ड सेवा के कुल–253 आवेदन, आधार मोबाईल नम्बर अपडेट के कुल–11074 आवेदन, मूल निवास प्रमाण पत्र के कुल–1311 आवेदन, अनुसुचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के कुल–56 आवेदन, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र के कुल–266 आवदेन, आय प्रमाण पत्र के कुल–2839 आवेदन, एपीएल राशन कार्ड के कुल–231 आवेदन, विवाह सुधार के कुल–93 आवेदन बनाकर दिये जा चुके है। प्रदेश में नागरिकों को सर्टिफिकेट डिलीवरी करने में नगर पालिक निगम भिलाई का तृतीय स्थान है। शासन के इस अत्यंत उपयोगी योजना से न सिर्फ नागरिकों को घर बैठे शासकीय सेवाओं का लाभ मिला है बल्कि लोगों के समय और पैसे की भी बचत हो रही है, साथ ही साथ सरकारी काम में भी तेजी आयी है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने नागरिको से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में शासन की इस जनउपयोगी योजना का लाभ उठाएं। इस योजना का उददेश्य है नागरिको को शासकीय कार्यालयों बार–बार जाना न पड़े, घर बैठे–बैठे काम हो जावे।